सेवा में,

दिनांक:13-09-2017

श्रीमान डिप्टी लेबर कमिश्नर महोदय,

नियर डी. टी. सी. कॉलोनी, हरी नगर,

प्रताप नगर, नई दिल्ली- 110064

महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मैं अखिलेश मिश्रा पुत्र श्री देवजी मिश्रा पिछले 3 साल से डी. पी. एस. अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर-16, सेक्टर- 4, द्वारका, नई दिल्ली-75 में सिक्योरिटी गॉर्ड की नौकरी कर रहा हूँ। श्रीमान मुझे और मेरे साथी गॉर्डस को दिनांक: 05-09-2017 को सोसाइटी के प्रेसिडेंट श्री नीरज वैश जी और सेक्रेटरी श्री संपथ जी ने लिखित सूचना दी है कि आप सभी को दिनांक: 30 सितम्बर 2017 से ड्यूटी पर नहीं आना है (बिना कोई कारण बताये)।

हम सभी हमेशा मेहनत और ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करते रहे हैं और कभी सोसाइटी को शिकायत का मौका नहीं दिया। हम रोजाना १२ घंटे की ड्यूटी करते हैं और हमें मासिक वेतन के रूप में कभी 8500 रुपये तो कभी 9000 रुपये नगद दिए जाते हैं, हमने इस सम्बन्ध में कई बार सोसाइटी के प्रेसिडेंट श्री नीरज वैश जी और सेक्रेटरी श्री संपथ जी से बोला है लेकिन वो हमेशा कह देते कि तुम्हारा पैसा फण्ड में जमा हो रहा है और बाद में इकट्ठा मिल जायगा, हमारा ना तो पी. एफ. नंबर मिला और ना ई. एस. आई. नंबर मिला और ना कभी बोनस दिया गया, हमें फण्ड, ई. एस. आई. और बोनस के बारे में कोई जानकारी नहीं थी लेकिन अब हमारी नौकरी जा रही है तो हमने पता किया।

अतः श्रीमान आपसे निवेदन है कि हमारा फण्ड, ई. एस. आई. और बोनस का लाभ दिलवाने की कृपा करें और हमें हमारी नौकरी से ना निकाला जाये जिससे हमारे और हमारे परिवार का भरण पोषण सही ढंग से चलता रहे, श्रीमान इस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही कराने की कृपा करें, और हमें न्याय दिलाएं, आपकी अति कृपा होगी।

13/9/17

Office of The Deputy Labour Commissioner, DTC Colony, Pratap Nagar, Hari Nagar, N.D.-64

प्रार्थीगण-

विनोद कुमार (विनोद कुमार)

राम जिनिश प्रसाद (R. J. Prasad)

बिहारी महतो (बिहारी महतो)

नागेन्द्र मेहता (नागेन्द्र मेहता)

अखिलेश मिश्रा
अखिलेश मिश्रा
(Mob- 9136612759)